दिनांक: 11-04-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संं0: 01

## बसरिया में खुला एसबीआई का मिनी ब्रांच, पूर्व विधायक ने किया उदघाटन

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बसरिया में एबीबीआई मिनी ब्रांच का शुभारंभ किया। संचालक पिन्टू सोनी ने अतिथियो को बुके देकर स्वागत किया। पूर्व विधायक ने कहा की ग्रमीण स्तर पर बैंक खुलने से लोगों को राशि जमा करने व निकालने में सुविधा होगा। मिनी ब्रांच खुलने से मूल बैंकों में लगने वाले भीड़ से निजात मिलेगा। इस दौरान एबीबीआई सिंघरावां ब्रांच मैनेजर आर के सिंह ने मिनी ब्रांच में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। मिनी ब्रांच जिला कॉर्डिनेटर बिनोद यादव ने कहा कि ग्राहकों के संख्या को देखते हुए बसरिया में मिनी ब्रांच खोला गया। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, जिला परिषद सदस्य रामस्वरूप पासवान, स्थानीय मुखिया नरेश पासवान, पडरिया मुखिया पप्पू रजक, बेलाही मुखिया प्रतिनिधि मंटू सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रंजन सिंह, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष आरती कौशल, भाजपा नेता मुकेश सिंह, कपिलदेव यादव, मधु यादव, सुधीर कौशल, मनोज यादव, आदित्य चौरसिया, मुकेश केशरी, मनोज पासवान, शंकर रवानी संजय यादव, सुरेंद्र यादव, मुन्ना केशरी, विजय साव, देवेंद्र राणा, चन्दर राणा, लखन प्रजापति, प्रदीप केशरी, राजेंद ठाकुर, बिहारी पासवान, गणेश सोनी, रामधनी दाँगी, गोलू दाँगी, मदन केशरी, दामोदर केशरी, सहित अन्य

## पूर्व विधायक ने झांकी का किया उदघाटन, अखाड़ा पहुँच राम भक्तों का बढ़ाया मनोबल

### प्रभु श्रीराम का जीवन आदर्श और मर्यादा का प्रतीक है : मनोज कुमार यादव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



श्री श्री 108 चौत्र रामनमवी पूजा समिति द्वारा पिपरा द्वारा नवमी के पावन अवसर पर निकले गए झांकी का बतौर मुख्यातिथि पहुँच कर बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने स्थानीय मुखिया बबीता देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, जीप सदस्य रामस्वरूप पासवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश कुमार साव आदि के उपस्थिति में फीता काटकर शुभारंभ किया। वही पूर्व विधायक ने समिति अध्यक्ष श्याम रौशन, सचिव किशोर साव, उपाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार आदि को भगवा वस्त्र देकर सम्मानित किया। इससे पहले पूर्व विधायक ने प्रखण्ड के भिन्न अखाड़ो में पहुँच कर रामभक्तों का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान भूषनडीह, चौपारण, ताजपुर, ब्ल०क मोड़, दादपुर आदि स्थानों पर निकाले गए झांकी में सम्मिलित हुए। बजरंग क्लब दादपुर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक के साथ बरही एसडीओ पूनम कुजूर, डीएसपी नाजीर, बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा, सर्किल इंस्पेक्टर रोहित सिंह, पूर्व थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह, आदि को पगड़ी देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन दादपुर मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिन्हा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि बरही व चौपारण पुलिस प्रशासन की रामनवमी को लेकर तत्परता बधाई के पात्र है। पूर्व विधायक ने शायराना अन्दाज़ में कहा ,राम नाम अति मीठा है, कोई गा के देख ले, आ जाते है प्रभु श्रीराम, कोई बुला के देख ले बोलो जय श्री राम। कहा प्रभु श्रीराम का जीवन मर्यादा व आदर्श के प्रतीक है।









सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## शायल बगीचे में हवन के साथ श्रीराम यज्ञ की हुई समाप्ति

### दस दिनों तक जय श्रीराम के नारों से गूँजयमान रहा शायल बगीचा

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रिमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी के प्रखंड के सायल बगीचे में 10 दिनों से चल रहे हैं 20वें श्री राम यज्ञ का समापन दशमी तिथि दिन सोमवार को मंत्र उच्चारण एवं हवन के साथ संपन्न हुआ। सायल बगीचे में पिछले 10 दिनों से श्री राम यज्ञ को लेकर काफी चहल-पहल था, रामनवमी बीतने के साथ ही दशमी को आचार्य उमेश पांडे ने मंत्र उच्चारण एवं वैदिक ब्राह्मणों के द्वारा हवन के साथ यज्ञ की समाप्ति हो गई। बताते चलें कि 10 दिनों तक कान्हाचट्टी प्रखंड के सायल बगीचे जय श्री राम जय हनुमान के नारों से गुंजायमान होता रहा। यज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष बसंत सिंह सचिव अशोक कुमार सिंह उर्फ कलाकार अर्जुन सिंह मुक्कन सिंह सहित अन्य लोगों ने रोल अदा किया। वहीं दूसरी ओर इसी प्रखंड के गोंडागढ़ा में 7 दिनों तक चलने वाले देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जलयात्रा निकाला गया।जिसमे सैकड़ों की संख्या में महिलाएं माथे पर कलश लेकर डोंडागढ़ से बड़की नदी कान्हाचट्टी बाजार पहुंचे और वैदिक ब्राह्मणों के द्वारा जल पूजन कर वरुण देव को मना कर कलश में जल भरवाया गया। इसके बाद सभी कलश यात्रा धारी यज्ञ मंडप में पहुंचकर कलश स्थापित किए ।समिति के सुखदेव सिंह ने बताया कि यह यज्ञ देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर किया जा रहा है ।7 दिनों तक यह यज्ञ चलेगा जिसमें बनारस से आए प्रवक्ताओं के द्वारा प्रवचन एवं वैदिक ब्राह्मणों के द्वारा हवन कार्य किया जाएगा। यज्ञ को सफल बनाने में छोटू सिंह विनोद सिंह माल हनी सिंह परमेश्वर सिंह रविंद्र सिंह,

## हिन्दू और मुसलमानों ने बक्चुम्बा में किया मिशाल पेश

### दोनो समुदाय के सैकड़ो लोगो ने रामनवमी जुलूस में एक से बढ़कर एक तलवार बाजी का मिशाल किया पेश

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रिमोद कुमार सिंह**



कन्हाचट्टी प्रखंड में रामनवमी का त्यौहार पूरे धूमधाम से संपन्न हुआ। रामनवमी का त्यौहार राजा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के जन्मोत्सव को लेकर प्रखंड में लोगों के बीच खासा खुशी देखा गया। रामनवमी के दिन अर्थात रविवार को सुबह होते ही राम भक्तों की भीड़ हनुमान मंदिर में देखने को मिला एवं शाम होते ही जगह जगह पर सभी अखाड़े अपने अपने ढोलक नाल एवं झाल के ताल पर थिर. कते नजर आए। पूरे प्रखंड जय श्री राम एवं जय हनुमान के नारों से गुंजायमान होता रहा प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो एवं थाना प्रभारी विकास पासवान ने प्रखंड में रामनवमी त्योहार को शांति व सौहार्द से संपन्न कराने को लेकर क्षेत्र में भ्रमण करते नजर आए। प्रत्येक अखाड़ों के लोगों को जा जाकर उन्हें रामनवमी का त्यौहार शांति व सौहार्द से मनाने का अपील करते रहे। दूसरी ओर बक्चुम्बा पंचायत में रामनवमी का त्यौहार हिंदू व मुसलमान मिलकर जुलूस में शामिल होकर क्षेत्र में एक नया मिसाल पेश किए ।बकचंबा पंचायत के समाजसेवी मोहम्मद सद्दाम ने कहा कि पुरुषोत्तम राजा रामचंद्र सभी धर्म के लिए आदर्श थे ।आज उनके जन्मोत्सव पर बकचंबा पंचायत में हिंदू और मुस्लिम मिलकर सैकड़ों लोगों ने जुलूस में भाग लिया ।व राम के भक्ति गानों पर लोग थिर. कते नजर आए उन्होंने कहा कि दोनों समुदाय के दर्जनों लोग तलवारबाजी व लाठी खेल कर क्षेत्र में ही नहीं पूरे जिले में नया मिसाल पेश किया है। मौके पर मो.सलमान अंसारी, अब्दुलाह अंसारी,सन्तन दाँगी,मुन्ना दाँगी,रोहित दाँगी,दीपक दाँगी,सुनील सिंह सहित दोनो समुदाय के सैकड़ो लोग शामिल थे।

## दहेज उन्मूलन समिति की वार्षिक महासभा 13,14 एवं 15 अप्रैल को

### हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखण्ड के कन्सार में होगा वृहद सम्मेलन

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रिमोद कुमार सिंह**



दहेज उन्मूलन समिति क्षत्रिय महासभा उतरी छोटानागपुर की बैठक आगामी 13 14 एवं 15 अप्रैल को हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड के कंसार में आयोजित की गई है । बैठक में चतरा हजारीबाग रामगढ़ एवं कोडरमा जिले के हजारों की संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित होंगे । उक्त आशय की जानकारी देते हुए सभापति गोपाल सिंह ने कहा कि आगामी 13 14 एवं 15 अप्रैल 2022 को कंसार में क्षत्रिय महासभा की वार्षिक सम्मेलन आयोजित की गई है। जिसमें ऊपर वर्णित सभी जिलों के सभी परगनाओ के क्षत्रिय बंधुओं से आग्रह है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में उक्त सम्मेलन में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। श्री सिंह ने कहा कि बैठक में समाज में व्याप्त कई बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल को 9:00 बजे से कार्यक्रम शुरू किया जाएगा एवं 15 अप्रैल को सभा की समाप्ति होगी। उन्होंने समिति के सभी वरीय अधिकारियों पदाधिक. ारियों एवं समाज के गणमान्य लोगों से आग्रह किया है कि 13 अप्रैल को 8:00 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के को मदद करें।

## आवसीय, आचरण व आय, एसी एसटी को छोड़ जाती प्रणाम पत्र भी देने कि जरूरत नही : बीडीओ

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत चुनाव 2022 की घोषणा होने के बाद पुलिस प्रशासन चुनावी तैयारियो में जुट गया है। चुनावी घोषणा के अनुसार चौपारण प्रखण्ड पहले चरण में ही है। ऐसे में संभावित उम्मीदवारों के बीच आवश्यक प्रमाण पत्रों बनाने को लेकर अफरातफरी मचा हुआ है। बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि नामांकन के लिए अगल से कोई प्रमाण पत्र देने की जरूरत नही है जो फ०र्म में जानकरी हो उसे सही सही भरना है। बताया कि पंचायत चुनाव 2022 में न०मिनेशन पेपर के साथ आवासीय, आय व आचरण प्रमाण पत्र देने की जरूरत नही है। वही एस एसटी के लिए आरक्षित सीटों को छोड़कर जाती प्रणाम पत्र देने कि जरूरत नही है। कहा ओबीसी के लिए आरक्षण को समाप्त कर दिया गया इसलिए ओबीसी प्रणाम पत्र देने की जरूरत नही है। कहा एस एसटी के लिए 2001 के बाद वाला जाती प्रमाण पत्र यदि बना है तो उमीदवार को नया जाति प्रणाम पत्र बनाने की जरूरत नही है। बीडीओ ने बताया कि वार्ड सदस्य के उम्मीदवार निर्धारित 14 अप्रैल से बीडीओ कार्यालय, मुखिया पद के लिए उम्मीदवार सीओ कार्यालय व पंचायत समिति सदस्य पद के उम्मीदवार अनुमंडल कार्यालय बरही व जिला परिषद पद के उम्मीदवार जिला कार्यालय हजारीबाग में अपना भरा हुवा नामांकन पत्र जमा करेंगे।।

## गिरिडीह के बांधाबाद में शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया रामनवमी

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**रोहित कुमार**



जिले के गांडेय प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम बांधाबाद में शांतिपूर्ण ढंग से रामनवमी पर्व का समापन हो गया। यह जुलूस बांधाबाद (गांडेय) से निकलकर महेशमुंडा (बेंगाबाद) जाति है इसलिए यह पर दोनो प्रखंड के प्रशासन तैनात थी रामनवमी पर्व को लेकर गांडेय और बेंगाबाद प्रखण्ड प्रशासन काफी अलर्ट और चौकस थी। रामनवमी के अवसर पर निकाले गए जुलूस के समय विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बेंगाबाद थाना प्रभारी प्रदीप कुमार,सीओ कृष्ण कुमार मरांडी,एसआई सुनील सिंह व राजेश कुमार,गांडेय थाना प्रभारी स्थानीय जिला परिषद धनंजय राणा ,बलदेव महतो,रामचंद्र मोदी, राज. कुमार राणा, मोहन मोदी,विशाल मोदी, आशु मोदी, उपस्थित थे इस अवसर पर बांधाबाद ग्राम के कई गणमान्य एवं पंचायत वासी काफी संख्या में उपस्थित रहे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बिरनी में कई क्षेत्रों में निकाला गया रामनवी का अखाड़ा जुलूस

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**




रामनवमी का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है. मान्यता है कि चौत्र मास की शुक्ल पक्ष की नवमी को भगवान राम का जन्म हुआ था. इसी दिन देशभर में हर्षोल्लास के साथ रामनवमी का त्योहार मनाया जाता है. इधर बिरनी प्रखंड के बरमसिया पंचायत के टाटो में राम भक्तों में विशेष उत्साह और उमंग देखा गया वही रविवार को पहले पहर के अखाड़े के दौरान खूब देखने को मिला. चारों ओर भगवा ही भगवा कलर ही दिखा वही जय श्री राम,गूं. जते भजन, बजते डंके-ताशे और करतब बाजों के हैरत. अंगेज करतब लोगों को रोमांचित करते रहे.इस दौरान सबसे पहले बजरंग. बली मंदिर में अखाड़ा पहुंचा. इसके बाद रामभक्तो का हुजूम सर्वप्रथम मंदिर में पूजा अर्चना कर हवन कर गांव में जुलूस के साथ बजरंगबली झंडा को लेकर भ्रमण किया वही राम भक्तों को पूरे जोश मैं देखने को मिला लाठी डंडे से खेलते हुए पूरे धूम उठ रहे थे कहीं-कहीं गांव में ही अखाड़ा मैदान लगाते हुए खेलते रहे फिर करते हो प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बरमसिया के रेनी टाँड़ अखाड़ा मैदान सभी राम भक्तों नारा लगाते हुए बजरंगबली झंडा लेते हुए पहुंचे साथी अखाड़ा मैदान में कलाकारों ने अपना-अपना कला को दिखाते हुए कार्यक्रम किया वही कलाकारों को हौसला बढ़ाने के लिए बरमसिया पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार विष्णु देव बर्मा मैं लाठी खेल कर कलाक. ारों का उत्साह बढ़ाने का काम किया वहीं भावी मुखिया उम्मीदवार शैलेश कुमार राय उर्फ मंटू राय ने ढोलक बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाने का काम किया यहां पर युवाओं ने पारंपरिक हथियार और लाठी डंडे के साथ अपनी कला का प्रदर्शन समिति के सदस्यों ने जगह जगह पर किया जबकि गर्मी को देखते हुवे बरमसिया चौक में राजेंद्र प्रसाद विनोद वर्मा ब्रह्मदेव महतो सत्यदेव वर्मा के द्वारा शरबत दही का व्यवस्था किया गया शरबत दही का भक्तों ने खूब आनंद लेकर पिया वही राजेंद्र प्रसाद विनोद वर्मा सत्यदेव वर्मा ब्रह्मदेव



महतो गुरु गोविंद वर्मा रो. हित वर्मा दामोदर वर्मा सदानंद वर्मा विष्णु देव वर्मा बद्री महतो महेंद्र प्रसाद वर्मा महेंद्र प्रसाद महेश वर्मा कृष्णा वर्मा आनंद वर्मा दिनेश वर्मा रंजीत वर्मा सुरेंद्र वर्मा हेमलाल वर्मा प्रदीप वर्मा वीरेंद्र वर्मा मनोज वर्मा टिंकू वर्मा राजू वर्मा के साथ टाटो खरटी के सेकड़ो भक्तो उपस्थित रहे।वही बलिया गाँव मे बिरनी पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया। था।

## बिरनीरू-बांगरकला पंचायत के मुखिया होंगे राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत आने वाले बांगराकल पंचायत के लोकप्रिय मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष देवनाथ राणा को अपने पंचायत में विकास कार्य के बदोलत दो दो राष्ट्रीय अवार्ड पुरस्कार माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों से सम्मानित किए जाएंगे जो सोमवार को सलेक्शन किया गया एक नानाजी देशमुख राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किए जाएंगे और दूसरा पंडित दीनदयाल उपाध्याय से सम्मानित किए जाएंगे यह पुरस्कार 24 अप्रैल को जम्मू कश्मीर में सम्मानित होंगे पंचायत वासियों के लिए बड़ी गर्व की बात है जो दो दो राष्ट्रीय अवार्ड से माननीय श्री नरेंद्र मोदी के हाथों सम्मानित किए जाएंगे वहां की जनता ने कहा एक बार और राणा जी को मुखिया के रूप में देखना चाहते हैं जिस तरह से बांगर कला पंचायत में विकास हुआ है मुझे अपने मुखिया पर गर्व है

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)-सह-उपायुक्त ने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के संबंध में जानकारियां साझा की

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गरिडीह, 11 अप्रैल 2022 को आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण किया जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में गिरिडीह जिला अंतर्गत नगर निगम नगर पंचायतों को छोड़कर बाकी से जिला में आचार संहिता लागू किया गया है। इस संदर्भ में जिला निर्वाचन पदाधिक. ारी (पंचायत)-सह-उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के निमित्त झारखंड पंचायत राज अधिनियम 2001 की धारा 67 तथा झारखंड पंचायत निर्वाचन नियमावली 2001 के नियम 30 एवं 31 के अधीन प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा गिरिडीह जिला अंतर्गत जिला परिषद पंचायत समिति, मुखिया एवं वार्ड सदस्य के निर्वाचन हेतु निम्नांकित निर्वाची पदाधिक. ारियों एवं सहायक निर्वाचित पदाधिकारी के रूप में नियुक्त करते हुए अधिसूचित किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)-सह-उपायुक्त द्वारा बताया गया कि जिला परिषद के लिए गिरिडीह, बेंगाबाद, गांडेय, डुमरी, पीरटांड़ प्रखंडों के लिए निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में श्री विल्सन भेंगरा, अपर समाहर्ता, नाम निर्देशन की प्रक्रिया से लेकर मतदान के पश्चात बैलट बॉक्स एवं अन्य सामग्रियों की प्राप्ति एवं उनके ब्रज गृह में सुरक्षित रखने तक के लिए श्री मनोज कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी व श्रीमती अल्का हेंब्रम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी तथा संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी को मतों की गणना के लिए नामित किया गया है। इसी प्रकार गांवा, तिसरी, बिरनी, देवरी, जमुआ, धनवार, सरिया एवं बगोदर के लिए निर्वाचन पदाधिक. ारी के रूप में श्री आलोक कुमार, डीआरडीए निदेशक, नाम निर्देशन की प्रक्रिया से लेकर मतदान के पश्चात बैलट बॉक्स एवं अन्य सामग्रियों की प्राप्ति एवं उनके ब्रज गृह में सुरक्षित रखने तक के लिए श्री दिनेश मांझी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी व श्री दयानंद राम, सहायक अभियंता, विशेष प्रमंडल तथा संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी को मतों की गणना के लिए नामित किया गया है। इसी प्रकार पंचायत समिति के सदस्य के पद के लिए गिरिडीह, बेंगाबाद, गांडेय के निर्वाची पदाधिकारी के रूप में श्री विशालदीप खलखो, अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, नाम निर्देशन की प्रक्रिया से लेकर मतदान के पश्चात बैलट ब०क्स एवं अन्य सामग्रियों की प्राप्ति एवं उनके ब्रज गृह में सुरक्षित रखने तक के लिए श्री धीरेंद्र कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी व श्री प्रमोद कुमार, सहायक अभियंता, विशेष प्रमंडल तथा संबंधित अंचल के अंचल अधिकारी को मतों की गणना के लिए नामित किया गया है। इसी प्रकार गांवा, तिसरी, देवरी, जमुआ, धनवार के निर्वाची पदाधिकारी के रूप में श्री धीरेंद्र कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी, खोरी महुआ, नाम निर्देशन की प्रक्रिया से लेकर मतदान के पश्चात बैलट ब०क्स एवं अन्य सामग्रियों की प्राप्ति एवं उनके ब्रज गृह में सुरक्षित रखने तक के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, धनवार व सहायक अभियंता, जिला परिषद तथा संबंधित अंचल के अंचल अधिकारी को मतों की गणना के लिए नामित किया गया है। इसी प्रकार बिरनी, सरिया, बगोदर के निर्वाची पदाधिक. ारी के रूप में श्री कुंदन कुमार, अनुमंडल पदाधिक. ारी, बगोदर सरिया, नाम निर्देशन की प्रक्रिया से लेकर मतदान के पश्चात बैलट ब०क्स एवं अन्य सामग्रियों की प्राप्ति एवं उनके ब्रज गृह में सुरक्षित रखने तक के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिक. ारी, बगोदर व सहायक अभियंता, जिला परिषद तथा संबंधित अंचल के अंचल अधिकारी को मतों की गणना के लिए नामित किया गया है। इसी प्रकार पीरटांड़, डुमरी प्रखंड के निर्वाची पदाधिकारी के रूप में श्रीमती प्रेमलता मुर्मू, अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी तथा नाम निर्देशन की प्रक्रिया से लेकर मतदान के पश्चात बैलट ब०क्स एवं अन्य सामग्रियों की प्राप्ति एवं उनके ब्रज गृह में सुरक्षित रखने तक के लिए प्रखंड कृषि पदाधिकारी, डुमरी व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तथा संबंधित अंचल के अंचल अधिकारी को मतों की गणना के लिए नामित किया गया है। इसी प्रकार मुखिया पद के गांवा प्रखंड के निर्वाची पदा. धिकारी के रूप में कार्यपालक दंडाधिकारी, बगोदर सरिया, एवं नाम निर्देशन की प्रक्रिया से लेकर मतदान के पश्चात बैलट ब०क्स एवं अन्य सामग्रियों की प्राप्ति एवं उनके ब्रज गृह में सुरक्षित रखने तक के लिए कनीय अभियंता, जिला परिषद, जनसेवक, गिरिडीह तथा मत गणना के लिए कनीय अभियंता, जिला परिषद, जनसेवक पदाधिकारियों को नामित किया गया है। इसी प्रकार तिसरी प्रखंड के लिए अंचल अधिकारी, तिसरी, नाम निर्देशन की प्रक्रिया से लेकर मतदान के पश्चात बैलट ब०क्स एवं अन्य सामग्रियों की प्राप्ति एवं उनके ब्रज गृह में सुरक्षित रखने तक के लिए पशु चिकित्सा पदाधिकारी, तिसरी, जनसेवक, मत गणना के लिए चिकित्सा पदाधिकारी, तिसरी, जनसेवक को नामित किया गया है। इसी प्रकार देवरी प्रखंड के लिए अंचल अधिकारी, देवरी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, जमुआ प्रखंड के लिए अंचल अधिकारी, जमुआ, अंचल निरीक्षक, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, धनवार प्रखंड के लिए अंचल अधिकारी, धनवार, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, कनीय अभियंता, धनवार, बिरनी प्रखंड के लिए अंचल अधिकारी, बिरनी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, जनसेवक, सरिया प्रखंड के लिए अंचल अधिकारी, सरिया, पशु चिकित्सा पदा. धिकारी, सरिया, जनसेवक, बगोदर प्रखंड के लिए अंचल अधिकारी, बगोदर, पशु चिकित्सा पदाधिकारी, जनसेवक, डुमरी प्रखंड के लिए अंचल अधिकारी, डुमरी, अंचल निरीक्षक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिक. ारी, पीरटांड़ प्रखंड के लिए अंचल अधिकारी, पीरटांड़, कनीय अभियंता, जिला परिषद, जनसेवक, गिरिडीह प्रखंड के लिए अंचल अधिकारी, गिरिडीह, अंचल निरीक्षक, कनीय अभियंता, बेंगाबाद प्रखंड के लिए अंचल अधिकारी, बेंगाबाद, प्रखंड सहकारिता पदाधिक. ारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, गांडेय प्रखंड के लिए अंचल अधिकारी, गांडेय, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को नामित किया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए निर्वाची पदाधिकारी के रूप में प्रखंडवार संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं नाम निर्देशन की प्रक्रिया से लेकर मतदान के पश्चात बैलट ब०क्स एवं अन्य सामग्रियों की प्राप्ति एवं उनके ब्रज गृह में सुरक्षित रखने तक के लिए संबंधित प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदा. धिकारी, पशु चिकित्सा पदा. धिकारी, जनसेवक तथा मत गणना के लिए भी इन्हीं पदाधिकारियों को नामित किया गया है।




